माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज (NTSE) (प्रथम स्तर) परीक्षा–2015–16 हेतु सूचना

क्रमांकःसैल–8/एन.टी.एस.ई./2015–16/18 दिनांक : 27.08.2015

राजस्थान में कक्षा–10 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिये राष्ट्रीय प्रतिभा खोज (NTSE) (प्रथम स्तर) परीक्षा 2015–16 का आयोजन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली के गाईडलाईन के आधार पर **रविवार दिनांक 08 नवम्बर, 2015 को प्रातः 9 बजे से 01.00 बजे तक राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर स्थित परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा। इस परीक्षा के निर्देश, नियम एवं पाठ्यक्रम माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.nic.in तथा NCERT नई दिल्ली की वेबसाईट www.ncert.nic.in पर उपलब्ध है।** इस परीक्षा में मान्यता प्राप्त सभी (केन्द्रीय, पब्लिक, नवोदय, कॉन्वेट, निजी, सरकारी, अर्द्धसरकारी सहित) विद्यालयों के सत्र 2015–16 में कक्षा 10 में नियमित रूप से अध्ययनरत वे विद्यार्थी सम्मिलित हो सकेंगे जिन्होंने कक्षा 9 में हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान एवं तृतीय भाषा विषयों में समग्र रूप से न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हों। आरक्षित वर्ग (अजा/अजजा एवं निशक्तजन) हेतु न्यूनतम अंकों की सीमा 50 प्रतिशत होगी। राज्य में प्रथम स्तर पर 247 अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। जिनकी द्वितीय स्तर की परीक्षा NCERT नई दिल्ली द्वारा ली जायेगी।

1. इस परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड/केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 9 एवं 10 के स्तर का होगा।
2. यह परीक्षा एक ही दिन में निरन्तर तीन सत्रों में ली जायेगी तथा प्रत्येक सत्र पश्चात् 15 मिनट का अन्तराल रहेगा। प्रथम सत्र बौद्धिक योग्यता परीक्षा (MENTAL ABILITY TEST) जिसमें 50 प्रश्न होगे जिन्हें 45 मिनट में हल करने होगें। द्वितीय सत्र भाषा परीक्षा (LANGUAGE COMPREHENSIVE TEST) का होगा जिसमें 50 प्रश्न होगे जिन्हें 45 मिनट में हल करने होगें। तृतीय सत्र शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SCHOLASTIC APTITUDE TEST) का होगा जिसमें 100 प्रश्न होंगे जिन्हें 90 मिनट में हल करने होगे। सभी प्रश्नों के लिये 1 अंक निर्धारित है। शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SCHOLASTIC APTITUDE TEST) में 100 प्रश्नों का विषयवार विभाजन इस प्रकार रहेगा– विज्ञान–40, सामाजित विज्ञान–40, गणित–20,

आवेदन करने की तिथियाँ :–

परीक्षा शुल्क	विद्यालयों द्वारा ऑनलाईन ई–मित्र पर आवेदन करने एवं चालान मुद्रण एवं शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि	विद्यालयों द्वारा बोर्ड को आवेदन पत्र की हॉर्ड कॉपी परीक्षा शुल्क का ई–मित्र चालान, नामावली भिजवाने की अंतिम तिथि
बिना विलम्ब शुल्क	15.09.2015	24.09.2015
विलम्ब शुल्क सहित	22.09.2015	

परीक्षा शुल्क :–

परीक्षार्थी की श्रेणी	बिना विलम्ब शुल्क	विलम्ब शुल्क सहित
(1) सामान्य	रू. 100/–	रू. 120/–
(2) अनु.जाति/अनु.जनजाति/निःशक्तजन	रू. 70/–	रू. 90/–

उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त अग्रेषण शुल्क रूपये 10/– प्रति परीक्षार्थी अलग से देना होगा।

आवेदन की प्रक्रिया :–

आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने की जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय प्रधान की होगी। सभी विद्यालयों को बोर्ड द्वारा वर्ष 2016 परीक्षा हेतु आवंटित Login ID तथा Password के आधार पर ऑनलाईन आवेदन पत्र भरवाने है। अन्य बोर्ड से संबंधित विद्यालय बोर्ड कार्यालय से Login ID तथा Password प्राप्त कर कार्यवाही करें। आवेदन पत्र बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.nic.in से डाउनलोड कर उपयोग में लिये जा सकेंगे। परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात् अप्रूव्ड आवेदन पत्र मय जमा शुल्क चालान की प्रतियों एवं सूची सहित अगले दिन स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से बोर्ड को भेजना अतिआवश्यक हैं। **परीक्षार्थियों द्वारा सीधे बोर्ड कार्यालय को भेजे गये आवेदन पत्र व परीक्षा शुल्क स्वीकार नही किये जायेगे।**

बोर्ड कन्ट्रोल रुम नम्बर 0145–2631310, 2631314, 2628499, 2622877 पर सम्पर्क किया जा सकता है। फैक्स नं. 0145–2627394 है–**सचिव**

omji vigpati